स्वाति को मिलेगा स्नातक टापर का अवार्ड

जासं • लखनऊ : नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय अपना वार्षिकोत्सव 'नवोदय-2024' का आयोजन 13 अप्रैल को नारी नाट्य कला केंद्र के सभागार में करेगा। इस बार स्नातक में सर्वाधिक अंकों के लिए डा. अनिल कुमार अग्रवाल मेमोरियल और बी.एससी. में अधिक अंकों के लिए पद्मश्री मोना चंद्रावती गुप्ता अवार्ड छात्रा स्वाति वर्मा को मिलेगा। समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों में 35 मेधावियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया जाएगा।

बुधवार को कालेज प्रशासन ने पदक सूची पर अंतिम मुहर लगा दी। मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय होंगे। प्राचार्य प्रोफेसर सपना वर्मा ने बताया कि वार्षिकोत्सव में हर विषय की टापर छात्राओं को भी पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। एम.ए. द्वितीय की छात्रा निकिता कुशवाहा और प्रथम वर्ष की छात्रा रिंकी कनौजिया को डा. आशा गुप्ता मेमोरियल अवार्ड के लिए चुना गया है।

पद्मश्री मोना चंद्रावती गुप्ता अवार्ड इन्हें भी : छात्रा शिवी कपूर को बी.ए, स्वाति त्रिपाठी को बी.काम. में सर्वाधिक अंकों के लिए पद्मश्री मोना चंद्रावती गुप्ता अवार्ड दिया जाएगा। इसके अलावा छात्रा पूजा कनौजिया को बेस्ट प्लेयर, बबली रावत को बेस्ट एनसीसी कैडेट, सिमरन गौतम को बेस्ट एनसीसी वर्कर, मुस्कान और अनामिका रावत को बेस्ट एनीसी वालंटियर का अवार्ड दिया जाएगा। बेस्ट वालंटियर कल्चरल एक्टिविटी का अवार्ड बी.ए. चौथे सेमेस्टर की छात्रा नेहा कुमारी धानुक को अवार्ड मिलेगा।

प्रोफेसर बनना है

नारी कालेज से 82 प्रतिशत अंकों के साथ बी.एससी. किया। अभी लवि से एम.एससी. बाटनी की पढ़ाई कर रही हूं। आगे पीएच.डी. करके प्रोफेसर बनना है। पापा नीरज वर्मा किसान और मम्मी विमलेश वर्मा गृहिणी हैं।

-स्वाति वर्मा, स्नातक एवं बी.एससी. टापर

अच्छे अंक के लिए की मेहनत

10वीं, और 12वीं में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक आए। इसलिए स्नातक में भी अच्छे अंक के लिए रेगुलर चार से छह घंटे की पढ़ाई की। बी.ए. में सर्वाधिक अंक आए। अभी लवि से एम.ए. अंग्रेजी से कर रही हूं। नेट जेआरएफ और पीएच.डी. करनी है।

-शिवी कपूर, बी.ए. टापर

पीजी के आवेदन 13 से

नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक के बाद अब परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 अप्रैल से शुरू होगी। प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने बताया कि अभ्यर्थी वेबसाइट **nscbonline.in** के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। आवेदन शुल्क 200 रुपये है।

यूजी, पीजी के आवेदन आज से

अवध गर्ल्स पीजी कालेज में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होगी। बुधवार को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। अभ्यर्थी वेबसाइट http://agdc.ac.in से फार्म भर सकेंगे। आवेदन शुल्क 900 रुपये है। प्रवेश के लिए एलयूआरएन का पंजीकरण अनिवार्य है।